## न्यूज कार्नर

### डॉ. गौर को भारत रत्न देने की मांग का समर्थन

**जागरण, सागर।** सागर साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था काव्यायन एवं मध्यप्रदेश लेखक संघ शाखा सागर के संयुक्त तत्वावधान में दानवीर डॉ.हरीसिंह गौर, महामना मदन मोहन मालवीय और पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेई का संयुक्त रूप से स्मरण किया गया। अध्यक्षता डॉ.दिवाकर सिंह राजपूत ने की। मुख्य अतिथि सुरेंद्र राय सीहोरा एवं विशिष्ट अतिथि पीआरमलैया, पं.महेशदत्त त्रिपाठी, डॉ.एमएस गौर रहे। कार्यक्रम का संचालन अमित आठिया ने किया। आयोजक राम नरेश सिंह राजपूत ने उपस्थित अतिथियों के साथ मिलकर माता सरस्वती व तीनों दिवंगतों के छायाचित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि दी। वृंदावन राय सरल ने सरस्वती वंदना कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की। काव्य पाठ उपरांत अंत में सभी उपस्थित लोगों ने कि डॉ. हरीसिंह गौर को भारत रत्न दिए जाने की मांग का समर्थन भी किया।

### शासकीय महाविद्यालय में प्रतियोगिता का आयोजन



**जागरण, सागर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय महाविद्यालय मकरोनिया बुजुर्ग में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र एवं छात्रा इकाई के संयुक्त तत्वाधान में वीर बाल दिवस पर निबंध, चित्रकला, भाषण, व्याख्यान एवं फिल्म प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. रश्मि यादव ने वीर बाल दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए.सी. जैन ने अपने उद्बोधन में कहा कि 26 दिसंबर 1705 को गुरु गोबिंद सिंह जी के छोटे साहिबज़ादों—साहिबजादा जोरावर सिंह एवं साहिबजादा फतेह सिंह द्वारा दिए गए सर्वोच्च बलिदान की स्मृति में प्रतिवर्ष 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाया जाता है। कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित निबंध, चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। संचालन डॉ. रश्मि यादव आभार डॉ. नीलेश राय ने माना इस अवसर पर डॉ. अजय सिंह ठाकुर, डॉ. दिव्या गुरु, श्री संतोष कुमार कोरी, डॉ. सुनील विश्वकर्मा, डॉ. कमलेश दुबे, डॉ. सत्या सोनी, महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### रहली के चांदपुर गांव की वारदात, गुस्साए लोगों ने शव रखकर किया चक्काजाम

# पल्लेदारी करने निकले युवक की निर्मम हत्या, बस स्टैंड पर मिला लहूलुहान शव





**जागरण, सागर/रहली।** जिले में कानून-व्यवस्था जैसे पूरी तरह पटरी से उतरी हुई है। रहली थाना क्षेत्र के चांदपुर में मजदूर युवक की बेरहमी से हत्या कर दी गई। वह पल्लेदारी करने निकला था लेकिन पूरी रात घर नहीं लौआ। शनिवार को बस स्टैंड पर उसका रक्तरंजित शव मिलने के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई तो परिजनों व लोगों का आक्रोश बढ़ गया। उन्होंने चक्काजाम कर मांग की कि अज्ञात हत्यारों को जल्द ही गिरफ्त में लिया जाए।

बता दें कि लगातार दूसरे दिन रहली थाना क्षेत्र से ऐसी लोमहर्षक वारदात सामने आई है। शुक्रवार को रहली से करीब आठ किमी दूर मैनाई गांव में एक मां और उसके दो मासूम बेटे के शव घर में फंदे से लटके मिले थे। शनिवार को दूसरी घटना हुई और यह भी संयोग से रहली से आठ किमी दूर चांदपुर की है। इस संबंध में मृतक के पिता ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है। फरियादी पिता ने पुलिस को बताया कि वह गांव चांदपुर में रहता है और मजदूरी करता है। उसके दो लड़के हैं और तीन लड़कियां हैं। बड़ा लड़का अनिल अहिरवार है जो शादीशुदा है और पल्लेदारी करता है। शुक्रवार की सुबह करीब 8 बजे वह वीरेंद्र जैन चांदपुर के यहां पल्लेदारी करने गया था। जब देर रात तक वह घर नहीं पहुंचा तो उसकी पत्नी रोशनी अहिरवार ने अपने पति अनिल को फोन लगाया। इस पर अनिल ने कहा कि अभी पल्लेदारी का हिसाब चल रहा है, बाद में घर आऊंगा। हालांकि वह रात भर घर नहीं आया। शनिवार की सुबह फरियादी पिता उसे देखने के लिए सुबह 6 बजे बस स्टैंड चांदपुर की तरफ आया तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। अनिल बस स्टैंड पर रक्तरंजित हालत में पड़ा था। सिर में चोट थी और खून निकल रहा था। आसपास भी खून फैला हुआ था। उसकी मौत हो चुकी थी। फरियादी का कहना है कि उसके बेटे के साथ मारपीट कर उसे मौत के घाट उतारा गया है।

### क्या कर रहे हैं आला अधिकारी

पिछले कुछ माहों में सागर शहर के साथ जिले में भी वारदातों का ग्राफ बढ़ रहा है। पुलिस अधिकारी इसे स्वीकार करें,0 या न करें लेकिन कानून-व्यवस्था की स्थिति बदतर होती जा रही है। ऐसा लग रहा है कि पुलिस का खौफ अपराधियों के मन में नहीं रहा। विडंबना यह है कि जब राजनीतिक दलों के लोग, समाजसेवी या गणमान्य लोग पुलिस से व्यवस्था सुधारने ज्ञापन सौंपने जाते हैं तो पुलिस अधिकारी ही अपराध बढ़ने की बात से इंकार कर देते हैं। यही नहीं क्राइम बढ़ने संबंधी मीडिया की खबरों पर ही सवाल उठाए जा रहे हैं। बीते दिनों ज्ञापन सौंपने गए सागर शहर के एक प्रतिनिधि मंडल को एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने ऐसा ही जवाब दिया था। उन्होंने कहा था कि अपराध हो रहे हैं तो अपराधी गिरफ्तार भी हो रहे हैं। बात गिरफ्तारी की नहीं बल्कि इस बात की है कि अपराध पर नियंत्रण रखने की दिशा में पुलिस अधिकारी क्या कर रहे हैं। पुलिस कार्यवाही का खौफ किसी आम शहरी के मन में बिलकुल नहीं लेकिन अपराधियों के दिलोदिमाग पर जरूर होना चाहिए। पहले तो सागर जिले में एसपी रहे कुछ अधिकारियों ने जनसंवाद जैसे कार्यक्रम भी शुरू किए थे, अब तो ऐसी सार्थक कवायद भी बंद हो गई हैं।

### समझाइश के बाद खोला चक्काजाम

रक्तरंजित हालत में शव मिलने के बाद पूरे गांव में सनसनी का माहौल हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस पहुंची और तफ्तीश के लिए एफएसएल टीम भी यहां आई। थाना प्रभारी सुनील शर्मा ने बताया कि मामला हत्या का ही है और मामला दर्ज कर पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने करीब एक दर्जन मजदूरों से पूछताछ की है। वहीं आक्रोशित परिजनों और लोगों ने चांदपुर बस स्टेशन पर चक्काजाम कर दिया। सूचना मिलने पर तहसीलदार और नायब तहसीलदार यहां पहुंचे और लोगों को मामले में उचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

### जैविक एवं प्राकृतिक हाट बाजार आज

**जागरण, सागर।** जिला प्रशासन सागर एवं कृषि विभाग व आत्मा परियोजना सागर की पहल पर शुरू किए गए जैविक/प्राकृतिक हाट बाज़ार ने अपने पहले ही आयोजन में जिले में नई मिसाल कायम की है। नागरिकों और किसानों से मिले उत्साहजनक प्रतिसाद के बाद इसका दूसरा साप्ताहिक आयोजन रविवार, 28 दिसंबर को पीटीसी ग्राउंड, पीली कोठी, पहलवान बब्बा मंदिर के समीप आयोजित किया जाएगा। गत रविवार 21 दिसंबर को आयोजित पहले हाट बाज़ार में बड़ी संख्या में जैविक एवं प्राकृतिक खेती करने वाले किसान अपने उत्पाद लेकर पहुंचे थे। वहीं, शहर के विभिन्न क्षेत्रों से आए उपभोक्ताओं ने सीधे किसानों से खाद्य सामग्री खरीदी। लोगों ने इस व्यवस्था को पारदर्शी, भरोसेमंद और उपभोक्ता हितैषी बताया।

### 29 दिसंबर को मतदान 2 जनवरी को मतगणना

**जागरण, सागर।** जिला अंतर्गत 02 जनपद सदस्य, 03 सरपंच पद एवं 14 पंच पद के रिक्त पदों के निर्वाचन के लिए त्रि-स्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 2025 का कार्यक्रम 5 दिसंबर 2025 को जारी किया गया था। जिले में रिक्त पदों में से जनपद पंचायत बंडा अंतर्गत 01 जनपद पंचायत सदस्य का पद, जनपद पंचायत देवरी अंतर्गत 01 सरपंच का पद तथा 14 पंचों के पद निर्विरोध रूप से भरे जा चुके हैं। शेष रहे 01 जनपद पंचायत सदस्य पद के लिए जनपद पंचायत राहतगढ़ में 10 मतदान केंद्रों पर 29 दिसंबर 2025 को मतदान होगा, जिसमें 04 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में हैं। इसी प्रकार जनपद पंचायत बीना की ग्राम पंचायत देवल में सरपंच पद हेतु 03 अभ्यर्थी चुनाव लड़ रहे हैं, जिसके लिए 03 मतदान केंद्रों पर मतदान कराया जाएगा। वहीं जनपद पंचायत खुरई की ग्राम पंचायत प्यासी में सरपंच पद के लिए 02 अभ्यर्थी चुनाव लड़ रहे हैं।

## ईको कैंप बांदरी में 280 छात्र हुए शामिल



**जागरण, बांदरी।** वन परिक्षेत्र बांदरी अंतर्गत ईको अनुभूज केम्पो का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न स्कूलो के 280 छात्र छात्राए शामिल हुए। ज्ञात हो कि म.प्र. शासन वन विभाग द्वारा पिछले कई वर्षो से ईको अनुभूति केम्पो का आयोजन किया जा रहा है, इसी के चलते वन विभाग बांदरी द्वारा दो केम्पो का आयोजन किया गया। जिसमें शासकीय हायर सेकेन्डरी स्कूल बांदरी, शासकीय मिडिल स्कूल पिठौरिया, शासकीय हाई हायर सेकेन्डरी स्कूल बहरोल एवं शासकीय हाई स्कूल पाली के छात्र छात्राओ ने हिस्सा लिया। ईको केम्पो में सुबह से पक्षी दर्शन, जंगल सफारी, नेचरल ट्रेल आदि कराई गई। इसके बाद चित्रकला एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता कराकर प्रतिभागियो को शील्ड आदि से पुरूस्कृत कर सभी को प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया। केम्प में शामिल होने आए छात्र छात्राओ ने वन विभाग के द्वारा आयोजित कराए जा रहे केम्पों की सराहना की, और वृक्षो के संरक्षण की सपथ ली। कार्यक्रम में रेंजर लखन ठाकुर, वनपाल अनुराग श्रीवास्तव, वनपाल अनिल दोहरे, वनपाल सुनील कुर्मी, वनरक्षक गोरव व्यास, हेमराज अहिरवार, विनय चोबे, भवगान सिंह ठाकुर, नरेश खरे, संजीव रघुवंशी सहित अन्य वन स्टाफ एवं शिक्षक शाहीन एजाज, कृतिका चौबे, निकिता गोड़, ज्योति दांगी, वीरेन्द्र ठाकुर, वीरसींग लोधी, दिनेश सोनी, सोनु साहु, काजल सैनी, सुशमा लोधी, हर्शवर्धन त्रिपाठी, पंकज रोहित आदि शामिल रहें।

## वाहन की टक्कर से युवक की मौत ग्रामीणों ने किया चक्काजाम



**जागरण, राहतगढ़।** पुलिस थाना अंतर्गत नेशनल हाईवे सागर विदिशा मार्ग पर ग्राम ऐरन मिर्जापुर में सड़क हादसे में एक युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की रात्रि करीब 8 बजे ग्राम पिपरिया खास निवासी शैतान अहिरवार अपनी पत्नी झनकरानी के साथ बस में सवार होकर राहतगढ़ से अपने गांव वापिस जा रहा था तभी ग्राम ऐरन में बस रुकी और बस से उतरकर दोनों पति पत्नी रोड क्रॉस करके अपने गांव जा रहे थे। इस दौरान राहतगढ़ तरफ से तेज रफ्तार से दो ट्रक आ रहे थे जिसमें एक ट्रक तो निकल गया पर दूसरे ट्रक ने शैतान अहिरवार को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरजस्त थी कि शैतान अहिरवार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने 112 पर कॉल किया। जानकारी के बाद पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और शव वाहन से शव राहतगढ़ सिविल अस्पताल भिजवाया गया। पुलिस ने शनिवार की सुबह 10 बजे मृतक का पीएम कराकर शव परिजनों को सौंपा और मर्ग कायम कर अज्ञात ट्रक की तलाश शुरू की गई। घटना से गुस्साए परिजनों एवं ग्रामवासियों ने शनिवार को ग्राम ऐरन में हाइवे सड़क पर चक्काजाम कर दिया। जिसके बाद वाहनों की लाइन लग गई। सूचना मिलने पर एसडीओपी योगेंद्रसिंह भदौरिया नायब तहसीलदार दिनेश असाटी एसआई बीएस ठाकुर एवं पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाइश देकर उचित कार्यवाही की बात कही। वहीं सुरखी विस के वरिष्ठ कांग्रेस नेता नीरज शर्मा भी घटना स्थल पहुंचे और घटना में ग्रामवासियों को प्रशासन से शीघ्र कार्यवाही कराने का आश्वासन दिया। जिसके बाद चक्काजाम समाप्त किया गया।

## पुलिस की मदद से बीस दिन बाद खोया हुआ बैग मिला

### उप्र का युवक ऑटो में भूल गया था बैग



**जागरण, सागर।** उत्तर प्रदेश के एक छोटे से ग्राम उतरवा निवासी नौजवान रामभजन निषाद अपने साथियों के साथ सागर में आयोजित आर्मी भर्ती प्रक्रिया देखने हेतु आया था। सागर रेलवे स्टेशन से ऑटो द्वारा आर्मी कैंप जाते समय उसका एक बैग जो ऑटो के पीछे रखा हुआ था, अनजाने में उसी ऑटो में छूट गया। बैग में रामभजन निषाद के सभी मूल शैक्षणिक दस्तावेज, पहचान पत्र एवं महत्वपूर्ण कागजात एक ही फाइल में रखे हुए थे। बैग के गुम होने से वह मानसिक रूप से अत्यधिक परेशान हो गया। उनके साथ आए दोस्तो द्वारा प्रयास किए गए किंतु प्रारंभिक रूप से बैग का पता नहीं चल सका। लगभग 20 दिन बाद इसी प्रकार की एक अन्य घटना की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम सागर को प्राप्त हुई जिसमें एक बैग ऑटो में छूटने की जानकारी थी। इस सूचना पर पुलिस कंट्रोल रूम के उप निरीक्षक आरकेएस चौहान द्वारा तत्परता दिखाते हुए ऑटो के फोटो सहित जानकारी को विभिन्न व्हाट्सएप एवं अन्य सोशल मीडिया ग्रुपों में व्यापक रूप से प्रसारित ;किया गया। इस वायरल सूचना को देखकर संबंधित ऑटो चालक/मालिक को याद आया कि कुछ समय पूर्व उसके ऑटो में एक बैग छूटा था जिसे उसने सुरक्षित रूप से अपने घर के एक कोने में रख दिया था। वह तत्काल पुलिस कंट्रोल रूम सागर पहुंचा और बैग पुलिस को सौंप दिया। सभी दस्तावेज पूरी तरह सुरक्षित एवं मूल अवस्था में पाए गए किंतु उसमें दिए पते के आधार पर केवल जिला बांदा एवं ग्राम उतरवा की जानकारी उपलब्ध थी। इसके पश्चात उप निरीक्षक चौहान एवं उनकी टीम द्वारा बांदा पुलिस कंट्रोल रूम से जिले के थानों के नंबर लेकर ग्राम की जानकारी ली गई थाना एवं स्थानीय स्तर पर संपर्क स्थापित किया गया। लगभग 10-15 फोन कॉल के बाद यह पुष्टि हुई कि ग्राम उतरवा बदौसा थाना क्षेत्र में आता है। ग्राम प्रधान गायत्री सिंह से संपर्क कर युवक रामभजन निषाद की पहचान सुनिश्चित की गई। अगले दिन ग्राम प्रधान के माध्यम से रामभजन से संपर्क स्थापित हुआ जिससे उसकी खुशी का कोई ठिकाना नहीं रहा। शनिवार को रामभजन निषाद को पुलिस कंट्रोल रूम सागर बुलाकर उसका बैग उसमें रखा समस्त सामान एवं उसकी बहुमूल्य शैक्षणिक दस्तावेजों की फाइल सकुशल सुपुर्द की गई। कार्यवाही में प्रधान आरक्षक आशीष दुबे, आरक्षक गौरव कोरी की भी सक्रियता रही।

## संविधान खत्म करना चाह रही भाजपा : प्रदीप

### कर्रापुर में संविधान बचाओ कार्यकर्ता सम्मेलन



**जागरण, सागर।** कांग्रेस ने शनिवार को कर्रापुर में संविधान बचाओ कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया। इसमें मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित जाति विभाग प्रदीप अहिरवार उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रदीप अहिरवार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी संविधान खत्म करना चाहतीं है। भाजपा के नेता सत्ता के मद में चूर हैं। सत्ता में बैठकर डॉ.भीमराव अंबेडकर साहब को अपमानित करते हैं। आज सभी लोगों को मिलकर भारतीय जनता पार्टी की नीतियों को समझना चाहिए जो पूर्णतः संविधान विरोधी एवं अनुसूचित जाति जनजाति पिछड़ा वर्ग की विरोधी है। आयोजक डॉ.हेमंत लारिया ने कहा कि भाजपा संविधान खत्म करना चाहती है जिससे शोषित, वंचित समाज का हक मारा जा सके। महंगाई बेरोजगारी, बिगड़ती हुई कानून व्यवस्था से जनता का ध्यान सरकार भटकाना चाहती है। बाबा साहेब का अपमान करने वाले भाजपा नेता संविधान के वजह से ही मंत्री है। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति विभाग व कार्यक्रम आयोजक ब्लॉक अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह, सुरेंद्र चाबड़ा, देवेंद्र कुर्मी, संदीप चौधरी, सीमा चौधरी, यंग ब्रिगेड के जिला अध्यक्ष संजय रोहिदास, रोहित वर्मा सहित सैकड़ों कांग्रेसजन मौजूद थे।

**अनूठी पहल** | अंतरराष्ट्रीय संस्था यूएनएसीसीसी और नगर निगम के मध्य करार, योजना के लाभ की दी जानकारी

## गरीब परिवारों को आसानी से मिलेगी सोलर लगवाने की सुविधा



**जागरण, सागर।** नगर निगम द्वारा अनुकरणीय पहल करते हुए अंतर्राष्ट्रीय संस्था यूएनएसीसीसी और नगर निगम के मध्य करार किया गया है। इससे आम नागरिकों के समग्र विकास के साथ ही गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों को आसानी से सोलर पैनल लगाने की सुविधा उपलब्ध होगी।

बुंदेलखंड में पहली बार नगर निगम सागर से इसकी शुरुआत हो रही है। जिससे जीवन स्तर में अभूतपूर्व परिवर्तन आएगा।नगर निगम सागर और यूनिटी ऑफ नेशंस एक्शन फॉर क्लाइमेट चेंज काउंसिल के बीच हुए एमओयू के अवसर पर महापौर संगीता तिवारी, निगम आयुक्त राजकुमार खत्री, संस्था के फाउंडर अध्यक्ष डॉ.रजत शर्मा, अध्यक्ष अजय जोशी, संस्था के चेयरमैन पर्यावरणविद् एवं प्रशासनिक अधिकारी डॉ.शिशिर पंडित, जनरल सचिव लाकिश दुबे आदि की उपस्थिति में नगर निगम सभाकक्ष में कार्यशाला आयोजित की गई। इस अवसर पर महापौर ने कहा कि शहर में सस्टेनेबल डेवलपमेंट इंनीसिऐटिव प्रोजेक्ट के माध्यम से सागर में एक नई पहल करने की शुरुआत होने जा रही है जिसका उद्देश्य हमारे शहर को पर्यावरण के रूप से अधिक जिम्मेदार और भविष्य के लिए तैयार बनाना है। यह कार्यक्रम न केवल शहर के लिए बल्कि पूरे बुंदेलखंड क्षेत्र के सतत् विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम होगा। इसलिये निगम और यूएनएसीसीसी संस्था के मध्य अनुबंध निष्पादित किया जा रहा है। राजकुमार खत्री ने कहा कि पर्यावरण एवं सोलर एनर्जी को लेकर संस्था द्वारा जो मुहिम चलाई जा रही है और सागर का चयन किया गया है उसके लिए हम आश्वस्त करते हैं कि हम आपके साथ मिलकर जलवायु परिवर्तन एवं नवकरणीय ऊर्जा के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि संस्था सागर के लिए बेहतर कार्य करेगी जिससे शहर को प्रदूषण मुक्त होकर स्वच्छ जलवायु प्राप्त हो सकेगी। रजत शर्मा ने कहा कि संस्था 157 देशों में काम कर रही है जिसका मुख्यालय जिनेवा स्विट्जरलैंड में है। संस्था द्वारा लोगों के जीवन स्तर को सुधारने का कार्य तथा सोलर एनर्जी के माध्यम से खर्च बचाने तथा गरीबी हटाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। कार्यशाला का संचालन गौरव राजपूत ने किया और आभार एमआईसी सदस्य शैलेन्द्र ठाकुर ने व्यक्त किया। कार्यशाला में एवं बीडीए उपाध्यक्ष डालचंद पटैल आदि ने भी विचार रखे।

## अलग-अलग जगह से जुआरी और सटोरिया गिरफ्तार

**जागरण, सागर।** वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन में जिले में अवैध हथियार, अवैध सट्टा, अवैध शराब विक्रय एवं सार्वजनिक स्थलों पर जुआ-सट्टा खेलने वालों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत थाना मोतीनगर पुलिस द्वारा त्कार्यवाही की गई। शनिवार को मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी मोतीनगर निरीक्षक जसवंत सिंह राजपूत के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा धर्मश्री डॉ.अंबेडकर वार्ड के पास दबिश देकर हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेलते हुए आरोपियों को रंगे हाथ पकड़ा गया। इसमें गजेन्द्र उर्फ राजेन्द्र बंसल, कुलदीप पिता किशन राज, रोहित पिता नठे अहिरवार, श्यामलाल पिता हल्लू अहिरवार शामिल हैं। आरोपियों के कब्जे से ताश के पत्ते एवं 2175 नगद जब्त कर धारा 13 जुआ अधिनियम के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इसी क्रम में थाना मोतीनगर पुलिस द्वारा 5 अलग-अलग स्थानों पर मुखबिर सूचना के आधार पर दबिश देकर सट्टा अंक पर्ची पर दांव लगाने वाले आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इसमें मिट्ठू उर्फ तेजराम पिता काशीराम विश्वकर्मा, राहुल पिता रामचरण पटैल, अभिषेक पिता अरुण रावत, पूरन पिता शंकर अहिरवार, शुभम पिता सुनील कुमार जैन शामिल हैं। आरोपियों के कब्जे से सट्टा अंक पर्ची, पेन एवं लगभग 5500 नगद जब्त कर मौके की विधिवत कार्यवाही की गई। सभी आरोपियों के विरुद्ध धारा 4(क) सट्टा अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। कार्यवाही में प्रधान आरक्षक शोहेब बेग, राजेश लोधी, नदीम शेख, अरुण दुबे, प्रकाशचंद, योगेश तिवारी, सुभाष मौर्य की भी सराहनीय भूमिका रही।

### दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान द्वितीय अंतर्गत पशुपालकों से चर्चा

# किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकार चला रही है विभिन्न योजनाएं : राज्यमंत्री

**जागरण दमोह।** पशुपालन विभाग में चलाई जा रही दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान के तहत प्रदेश के पर्यटन, संस्कृति और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग मंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेंद्र सिंह लोधी आज जबेरा विकासखण्ड के ग्राम घाना मैली पहुंचे। यहां राज्यमंत्री श्री लोधी ने गाय को गुड़ रोटी खिलाई। साथ ही पशुपालक भूपत सिंह लोधी से चर्चा कर दुग्ध समृद्धि अभियान की जानकारी ली। उन्होंने सरकार की दुग्ध उत्पादन को दुगना करने की मंशा से पशुपालक को अवगत कराया। राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा किसानों की आय बढ़ाने के लिये सरकार विभिन्न योजनाएं चला रही हैं जिसमें दूध उत्पादन को दुगना करना प्रमुख हैं। किसानों का दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का दूसरा चरण संचालित किया जा



रहा है जिसमें पशुपालकों को कृत्रिम गर्भाधान से नस्ल उन्नयन संतुलित पशु आहार एवं टीकाकरण के लिए जागरुक किया जा रहा है। साथ ही किसानों को दूध का उचित मूल्य प्राप्त हो सके, इस ओर भी सरकार भरसक प्रयास कर रही है जिसके लिए सरकारी समितियों का गठन किया जा रहा है जिससे उत्पादित दूध का उचित मूल्य किसानों को मिल सके।

ज्ञात हो कि प्रदेश में पशुपालन विभाग द्वारा चलाये जा रहे दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान द्वितीय के तहत पशुपालकों के घर पहुचकर उनको पशु पोषणए पशु स्वास्थ्य एवं कृत्रिम गर्भाधान कर विभाग की वैज्ञानिक तकनीकियों का उपयोग कर दुग्ध उत्पादन बढ़ाने, गाय/भैंस में बछिया का बीज डलवाकर उन्नत नस्ल की बछिया पैदा करने हेतु पशुपालकों से आव्हान किया जा रहा हैं। सरकार ने 52000 समितियों के गठन का लक्ष्य रखा है।

### ग्राम मारा में पंचायत कप सीजन-6 का आगाज

## राज्यमंत्री पटेल ने किया शुभारंभ

**जागरण पथरिया।** खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से जनपद पंचायत पथरिया के अंतर्गत ग्राम पंचायत मारा में स्वामी विवेकानंद क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट पंचायत कप सीजन-6 का भव्य शुभारंभ 22 दिसंबर को किया गया। इस गौरवशाली खेल महोत्सव में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में साक्षी बने। टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि मप्र शासन के पशुपालन एवं डेयरी विभाग मंत्री लखन पटेल द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रंजीता गौरव पटेल ने की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों के रूप में जनपद उपाध्यक्ष खरखराम पटेल, भाजपा जिला महामंत्री महेश पटेल, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र पटेल एवं पथरिया सदगुंवा मंडल अध्यक्ष केदार पटेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्थानीय पंचायत का प्रतिनिधित्व सरपंच श्रीमती राधिका रानी भरत पटेल एवं सचिव देवी पटेल द्वारा किया गया। प्रेस जगत से पत्रकार जिनेश कुमार जैन एवं आमिर खान भी विशेष रूप से आमंत्रित रहे।



**विजेताओं पर होगी इनामों की बौछार**

आयोजक समिति ने बताया कि इस टूर्नामेंट में क्षेत्र की नामी टीमें हिस्सा ले रही हैं। प्रतियोगिता के समापन पर पुरस्कारों का वितरण इस प्रकार रहेगा। प्रथम पुरस्कार विजेता 21000 रुपये की नगद राशि आयोजक समिति द्वारा। द्वितीय पुरस्कार उपविजेता 11000 रुपये की नगद राशि। इसके साथ ही खिलाड़ियों को शील्ड एवं आकर्षक उपहारों से सम्मानित किया जाएगा। टूर्नामेंट को सफल बनाने में आयोजक समिति के आशीष पटेल मुक्कदम, शुभम पटेल, धीरज पटेल, शुभम चौबे, दिलीप पटेल, प्रद्युम्न पटेल और दीपक पटेल अपनी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उद्घाटन मैच के दौरान ग्रामीणों में भारी उत्साह देखा गया और मैदान दर्शकों की तालियों से गूंज उठा।

## उत्कृष्ट विद्यालय में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित



**जागरण दमोह।** वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में भाजपा युवा मोर्चा दमोह द्वारा भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे के मार्गदर्शन में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय दमोह में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं ने श्रद्धेय साहिबजादों एवं अटल बिहारी वाजपेयी का चित्रण किया जिसमें प्रथम मनोज विश्वकर्मा, द्वितीय खुशी, तृतीय भाग्यश्री ठाकुर को शील्ड, मैडल एवं सभी प्रतिभागियों मैडल से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्यालय प्राचार्य आरपी पटेल, जिला मंत्री भरत यादव, सोशल मीडिया प्रभारी संदीप शर्मा, अभियान जिला प्रभारी महेंद्र राठौर, सह प्रभारी शिवेंद्र तिवारी उपस्थित रहे। सभी ने अटल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे ने छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि आज देशभर में वीर बाल दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया जा रहा है। यह दिन सिखों के दसवें गुरु, गुरु गोबिंद सिंह के छोटे साहिबज़ादों साहिबज़ादा ज़ोरावर सिंह और साहिबज़ादा फतेह सिंह के अद्वितीय साहस और बलिदान की स्मृति में समर्पित है। हम सभी माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से आभारी हैं कि उन्होंने प्रतिवर्ष वीर बाल दिवस मनाने का निर्माण लिया। संचालन प्रतियोगिता प्रभारी कृष्णा पटैल ने किया।

# सेहत : ग्रामीण क्षेत्र से बाजार तक पहुंच रहीं मौसमी भाजियां, आयुर्वेद में मानी जाती हैं स्वास्थ्य वर्धक

### 20 से 40 रुपए किलो में मिल रहीं औषधीय गुणवाली भाजी

**जागरण, बीना।** ठंड के मौसम में ग्रामीण क्षेत्रों से बाजार तक पहुंच रही मौसमी भाजियां न सिर्फ स्वाद बढ़ा रही हैं, बल्कि सेहत के लिए भी बेहद लाभकारी साबित हो रही हैं। इन दिनों गांवों से कई प्रकार की भाजियां बाजार में बिकने आ रही हैं, जिनमें चार की खेती की जाती है, जबकि चार भाजियां प्राकृतिक रूप से स्वयं उग आती हैं।

किसानों के अनुसार मैथी, पालक, चना और सरसों ऐसी भाजियां हैं, जिनकी नियमित बुआई की जाती है। वहीं नौरपा, नौनिया, मकोईआ और चंदन बथुआ बिना बोए अपने आप उग जाती हैं। इन्हें इकट्ठा कर बाजार तक लाना मेहनत भरा काम होता है, इसके बावजूद इनके दाम 20 से 40 रुपये किलो ही मिल पाते हैं। गांव की किसान सावित्रीबाई पटैल बताती हैं कि नौरपा, नौनिया, मकोईआ और चंदन बथुआ को खेतों व मेड़ों में ढूंढकर उखाड़ना पड़ता है। लोग इन्हें दवा के रूप में भी उपयोग करते हैं। आयुर्वेद चिकित्सक डॉ.अरविंद जैन का कहना है कि मौसमी सब्जियों में



विटामिन ए, बी, सी, कैल्शियम, आयरन, फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। ये पाचन शक्ति को मजबूत करने, इम्युनिटी बढ़ाने, रक्त शुद्ध करने और ठंड से होने वाली बीमारियों से बचाव में सहायक होती हैं। भाजियों में फाइबर, विटामिन और मिनरल भरपूर मात्रा में होते हैं।

ठंड के मौसम में चार-पांच बार इनका सेवन करने से स्वास्थ्य संतुलित रहता है। पहले के समय में लोग इनका अधिक उपयोग करते थे। मेथी और पालक खून की कमी दूर करने में उपयोगी हैं, वहीं चना और सरसों की भाजी शरीर को ऊर्जा प्रदान करती हैं। चंदन ककुड़ा और मुक्खया जैसी सब्जियां जोड़ों के दर्द, गैस और पाचन संबंधी समस्याओं में लाभ देती हैं।ठंड के मौसम में सप्ताह में चार से पांच बार इन मौसमी सब्जियों का सेवन करना चाहिए, जिससे शरीर स्वस्थ रहता है और रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है। बाजारों में इन सब्जियों की उपलब्धता बढ़ने से उपभोक्ताओं के साथ-साथ किसानों को भी लाभ मिल रहा है।

चिकित्सक के अनुसार नौरपा की भाजी में विटामिन ए, सी, के और कैल्शियम होता है। आंखों की रोशनी बढ़ाने, हार्मोन संतुलन और कब्ज दूर करने में सहायक है। नौनिया की भाजी में कैल्शियम, आयरन और फाइबर से भरपूर यह भाजी पाचन सुधारती है, जोड़ों की सूजन कम करती है और ब्लड शुगर नियंत्रित रखने में मददगार है। मकोईआ की भाजी का सेवन करते ही दर्द से राहत, भूख बढ़ाने, मुंह के छाले ठीक करने और रक्त शुद्ध करने में उपयोगी है। चंदन बथुआ की भाजी में फाइबर व पानी की अधिकता के कारण पाचन तंत्र को मजबूत बनाता है। हड्डियां मजबूत करता है और हीमोग्लोबिन बढ़ाने में सहायक है। सरसों की भाजी ऊर्जा बढ़ाने के साथ पाचन, हृदय, फेफड़े और हड्डियों को स्वस्थ रखती है। मैथी की भाजी पाचन सुधारने, वजन नियंत्रित करने और इंसुलिन स्तर संतुलित करने में लाभकारी है। चना की भाजी प्रोटीन और फाइबर से भरपूर, ब्लड शुगर नियंत्रण और मानसिक संतुलन बनाए रखने में सहायक है। पालक की भाजी आयरन और विटामिन सी से भरपूर, हीमोग्लोबिन की कमी दूर करने और आंखों के लिए लाभदायक है।

## बीपीसीएल स्माइल ट्रेन की पहल से बच्चों को मिली नई मुस्कान

**बीना जागरण।** भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड बीपीसीएल बीना रिफाइनरी विश्व की सबसे बड़ी क्लेफ्ट केन्द्रित गैर-सरकारी संस्था स्माइल ट्रेन इंडिया के साथ साझेदारी में, मध्य प्रदेश के वंचित समुदायों से आने वाले बच्चों के जीवन में सार्थक बदलाव ला



रही है। अपनी कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पहल के तहत यह साझेदारी भोपाल और सागर संभाग के 11 जिलों में 220 निःशुल्क क्लेफ्ट सर्जरी का समर्थन कर रही है। यह निरंतर चल रहा सहयोग यह सुनिश्चित कर रहा है कि आर्थिक अभाव किसी भी बच्चे के लिए गुणवत्तापूर्ण क्लेफ्ट उपचार प्राप्त करने में बाधा न बने। अक्टूबर से अब तक 63 बच्चों को स्माइल ट्रेन के विश्वसनीय पार्टनर अस्पतालों के नेटवर्क से निःशुल्क, जीवन बदलने वाली सर्जरी का लाभ मिल चुका है। इन सर्जरी से बच्चों को बेहतर तरीके से खाने, सांस लेने, बोलने और आत्मविश्वास के साथ मुस्कुराने का अवसर मिल रहा है। जिससे उनके स्वस्थ और खुशहाल भविष्य के द्वार खुल रहे हैं। सर्जिकल उपचार के साथ-साथ यह पहल इस जागरूकता पर भी जोर देती है कि क्लेफ्ट उपचार योग्य है, और समय पर तथा गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा हस्तक्षेप से दीर्घकालिक स्वास्थ्य और विकास संबंधी चुनौतियों को रोका जा सकता है।

## भगवान श्रीकृष्ण ने अपने जीवन में हमें अनेक शिक्षा दीं : साध्वी

**बीना जागरण।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के षष्ठम दिवस पर कथा व्यास साध्वी भाग्यश्री भारती ने भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से जुड़ी शिक्षाओं का सारगर्भित वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने अपने जीवन से मानव समाज को अनेकों आदर्श दिए, लेकिन आज हम स्वयं को उनका भक्त तो कहते हैं, पर उनकी शिक्षाओं और सिद्धांतों को अपने आचरण में नहीं उतार पा रहे हैं।

साध्वी ने कहा कि यदि श्रीकृष्ण के सिद्धांतों को सही अर्थों में अपनाया गया होता तो आज देश में गौ माता की स्थिति इतनी दयनीय नहीं होती। भारत वह पावन भूमि है, जहां 'विप्र, धेनु, सुर और संत हित' के लिए भगवान अवतार लेते रहे हैं, फिर भी आज गौ माता की उपेक्षा होना चिंताजनक है। इसका प्रमुख कारण यह है कि हम अभी तक गौ माता की महानता और हमारी गौ संस्कृति के महत्व को समझ नहीं पाए हैं। उन्होंने गौ संस्कृति को विश्व की श्रेष्ठ संस्कृति बताते हुए उसे जानने और अपनाने का आह्वान किया। संस्थान की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए साध्वी ने बताया कि दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा गौ माता के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं।



## न्यूज कार्नर

### आंखों में मिर्च झोंककर चोरी करने वाले 2 आरोपी 72 घंटे में गिरफ्तार



**जागरण, लटेरी।** आनंदपुर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दुकान से नकदी चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने घटना के मात्र 72 घंटे के भीतर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी की गई राशि बरामद कर ली है। तीन अज्ञात आरोपी काले रंग की स्प्लेंडर बाइक से दुकान पर आए। उन्होंने योजनाबद्ध तरीके से दुकानदार को बातों में उलझाया और बाहर रखा नकदी से भरा माइक्रोन कंपनी का थैला उठा लिया। जब फरियादी ने उन्हें रोकने की कोशिश की, तो पकड़े जाने के डर से आरोपियों ने उसकी आंखों में मिर्च पाउडर झोंक दिया और फरार हो गए।
पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अनुज प्रताप सिंह की टीम ने तकनीकी साक्ष्यों का पीछा किया। सघन पूछताछ के बाद दो मुख्य आरोपियों में प्रदीप अहिरवार 23 वर्ष निवासी ग्राम गोलाखेड़ा, रोशन अहिरवार 30 वर्ष निवासी ग्राम कालादेव, उनारसीकला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से नकद राशि 30 हजार सहित चोरी गया थैला भी पुलिस ने जब्त कर लिया है। इस त्वरित कार्रवाई में उप निरीक्षक अनुज प्रताप सिंह, गौरव रघुवंशी सउनि जगदीश सिंह भिलाला और उनकी पूरी टीम की विशेष भूमिका रही।

---

**रामलला की अयोध्या में नगर की आस्था से सजी भगवान श्रीराम की झांकी**

# 151 फीट की चुनरी यात्रा और नौ दिवसीय श्रीराम कथा का हुआ भव्य समापन



**जागरण, गंजबासौदा।**
जहाँ सरयू की पावन धारा बहती है, जो संतों की तपस्या से भूमि पवित्र हुई है और जहाँ हर श्वांस में 'जय श्रीराम' की गूंज है, वह श्रीराम जन्मभूमि श्रीधाम अयोध्या स्वयं में ही राममय है। किंतु इस राममयता में जब नगर की आस्था, समर्पण, श्रद्धा के साथ भक्ति और सेवा का भाव जुड़ा, तो भक्ति की ज्योति और भी प्रखर हो उठी। नगर के बांके बिहारी राधा रानी मंडल द्वारा श्री राम जन्मभूमि अयोध्या धाम में करुणानिधान भवन में आयोजित आयोजित हुई नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा ने केवल अयोध्या को ही नहीं बल्कि आयोजन में शामिल हुए नगर के साथ-साथ दिल्ली, छत्तीसगढ़, झांसी, डबरा, सागर, शाहगढ, ग्वालियर विदिशा, भोपाल, देवास श्रद्धालुओं को भी आत्मियता, दिव्यता और आस्था से भाव-विभोर वातावरण से सराबोर कर दिया। नौ दिन तक चले इस पावन धर्ममय आयोजन पर सरयू मैया की करुणा, रामलला सरकार की विशेष कृपा और हनुमानगढ़ी सरकार का संरक्षण निरंतर बना रहा। कथा के प्रत्येक दिवस दिव्य अनुभूति के साथ ऐसा प्रतीत हुआ मानो स्वयं देवलोक से पुष्पवर्षा हो रही हो। कथा स्थल से लेकर अयोध्या की गलियों तक रामनाम की अविरल धारा प्रवाहित होती रही। पूरी कथा में अयोध्या के के अलावा अन्य तीर्थ क्षेत्र से आए एक से बढकर एक सिद्ध तपस्वी, संतों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से आयोजन को दिव्यता और भव्यता प्रदान की।संगीतमय श्रीराम कथा का वाचन नौलखी खालसा के पूज्य श्रीमहंत राम मनोहर दास जी महाराज द्वारा किया गया। उनके मुखारविंद से निकली प्रत्येक चौपाई श्रोताओं के हृदय में उतरती चली गई। उन्होंने श्रीरामचरितमानस के दिव्य प्रसंगों को केवल कथा के रूप में नहीं, बल्कि अनुभव के रूप में प्रस्तुत किया। राम जन्म पर आनंद, सीताराम विवाह में उल्लास, वनवास में करुणा और विजय प्रसंगों में वीर रस की अनुभूति ने श्रोताओं को भावलोक में पहुँचा दिया। कथा का आयोजन नगर के श्रीबांके बिहारी राधा रानी भक्त मंडल के जगदीश विभा, सतीश रेणुका सुहाने, अंकुर और सजल सुहाने परिवार द्वारा किया गया था जो कि 17 दिसंबर से प्रारंभ होकर 26 दिसंबर को चुनरी यात्रा और संतों के विशाल भंडारे के साथ समापन हुआ। कथा में गुना नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता भी शामिल हुईं।
मालूम हो कि नगर के श्रीबांके बिहारी राधा रानी भक्त मंडल द्वारा श्री राम जन्मभूमि श्रीधाम अयोध्या जी में नवदिवसीय संगीतमय श्री राम कथा का आयोजन अयोध्या की आस्था के मुकुट कनक भवन के सामने करुणा निधान भवन में कराया गया था जिसका समापन शनिवार को हुआ। कथा का शुभारंभ कनक भवन से सरयू तट का पावन जल लेकर निकली भव्य कलश यात्रा से हुआ। सरयू घाट से चलकर यह शोभायात्रा कथा स्थल करुणा निधान भवन पहुँची।

### मां सरयू को चढ़ाई 151 फीट चुनरी

कथा के अंतिम दिवस श्रृंगार सामग्री के साथ अयोध्या में निकाली गई 151 फीट चुनरी यात्रा भक्ति की पराकाष्ठा बन गई। कनक भवन से प्रारंभ होकर हनुमानगढ़ी, दशरथ महल, रामपथ, लता मंगेशकर चौराहा होते हुए नया घाट सरयू तट पहुँची, इस यात्रा में बग्गी पर विराजमान भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण एवं हनुमान के स्वरूपों में सजी बाल झांकियाँ साक्षात् जीवंत प्रतीत हो रही थीं। मार्ग भर स्थानीय अयोध्यावासियों के अलावा दर्शनार्थी श्रद्धालु नतमस्तक होकर प्रभु के दर्शन करते रहे और दृश्य को अपने मोबाइल में कैद करते हुए उत्सुक नजर आए। सरयू तट पर पूज्य श्रीमहंत राम मनोहर दास जी महाराज सहित संत-मंडली द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना कर 151 फीट की चुनरी श्रद्धा पूर्वक अर्पित कर लोककल्याण की कामना की गई। कथा के दौरान अयोध्या के भजनानंदी तपस्वी संतों के अलावा तीर्थ क्षेत्र से आए अन्य संतों ने भी अपनी उपस्थित देकर आयोजन को गरिमा प्रदान की। रामानंदाचार्य संप्रदाय के जगदगुरु रत्नेश प्रपन्नाचार्य जी महाराज, बद्रीनाथ बद्रीका आश्रम के तपस्वी गोविंद जी महाराज, राम सखी मंदिर गोलाघाट के महंत जनकदुलारी शरण दास जी महाराज, रामायण के प्रखर विद्वान मानस अगस्त जी महाराज रामायणी, लक्ष्मण किला हनुमत निवास के मिथिलेशनंद शरण जी महाराज, रामकुंज कथा मंडप के सत्यनारायण दास जी महाराज, करुणा निधान भवन के महंत परमहंस रामदास जी महाराज, अधिकारी रामनारायण दास जी महाराज, रामस्वरूप त्यागी जी, हनुमागढी के पुजारी नागा सुमितजी, कनक भवन के प्रधान पुजारी जी, लाल साहब मंदिर के महंत, वृंदावन से पधारीं गुरु मां सहित अयोध्या के कई संतों ने अपनी उपस्थिति से दिव्यता और भव्यता प्रदान की।

---

# हत्याकांड में बड़ा फैसला ,4 आरोपियों को आजीवन कारावास

**जागरण, गंजबासौदा।**
शनिवार को द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरप्रसाद बंशकार ने हत्या के एक मामले में चार आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। जिसमें आरोपी शीनू उर्फ शरद दुबे (21), सौरभ रघुवंशी (30), विशाल गौड़ (23) और चंद्रप्रकाश रैकवार उर्फ चंदू रैकवार (24) को आजीवन कारावास की सजा कोर्ट ने सुनाई है। सभी आरोपी गंजबासौदा के निवासी हैं। यह मामला 14 अप्रैल 2023 को फरियादी नीलम रघुवंशी की ओर से दर्ज कराई गई स्त्रक्कक्रसे संबंधित है। नीलम ने बताया था कि वह अपने पति गौरव रघुवंशी के साथ से बाजार से घर लौट रही थीं। शाम करीब 08:30 बजे, गीता टॉकीज के पीछे शंकर जी के मंदिर के पास से गुजरते समय, उन्होंने आरोपी शीनू शर्मा, सौरभ रघुवंशी, विशाल, समीर और चंद्र उर्फ चंद्रप्रकाश को चिल्ला-चोट करते देखा। गौरव ने बाइक रोककर उन्हें ऐसा करने से मना किया।

**पीड़ित के पीठ-सीने पर चाकू से किए वार:**इसके बाद सभी आरोपियों ने गौरव को घेर लिया। आरोपी शीनू शर्मा ने चाकू से गौरव की पीठ और सीने पर कई वार किए। सौरभ रघुवंशी, विशाल और समीर ने भी गौरव पर चाकू से हमला किया। नीलम के चिल्लाने पर जितेंद्र, दौलत सिंह, सुरेंद्र और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव किया। आरोपी गौरव को मारपीट कर मौके से फरार हो गए। नीलम अपने ससुर दौलत सिंह और जेठ जितेंद्र के साथ ऑटो बुलाकर घायल गौरव को बासौदा अस्पताल ले गईं।
अस्पताल में इलाज कर रहे डॉक्टरों ने गौरव को विदिशा रेफर कर दिया था, लेकिन रेफर किए जाने के दौरान ही उनकी मौत हो गई। प्रकरण में अभियोजन साक्ष्य के बाद दोनों पक्षों के अंतिम तर्क हुए। अपर लोक अभियोजक सुरेंद्र सिंह राजपूत के तर्कों और प्रकरण में प्रस्तुत साक्ष्यों से सहमत होते हुए, द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरप्रसाद बंशकार ने यह सजा सुनाई।

---

# निर्देश : हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में हो शामिल



**जागरण, गंजबासौदा।**
विधानसभा क्षेत्र 145-बासौदा के निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी संतोष बिटोलिया ने मतदाता सूची के शुद्धिकरण और नए नाम जोड़ने के संबंध में मास्टर ट्रेनर्स, बीएलओ सुपरवाइजर और बीएलओ की एक महत्वपूर्ण बैठक ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी पात्र नागरिक मतदान के अधिकार से वंचित न रहे। जो युवा 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं, उनके नाम 22 जनवरी तक अनिवार्य रूप से फॉर्म-6 और अनुलग्नक-4 के माध्यम से ऑनलाइन या ऑफलाइन जोड़े जाएं। सभी बीएलओ को अपने निर्धारित मतदान केंद्रों पर बैठकर प्राप्त आवेदनों और दस्तावेजों का बारीकी से सत्यापन करना होगा। अधिकारी ने सभी कर्मचारियों से अपील की कि वे जनता के साथ शालीनता और विनम्रता से पेश आएं ताकि प्रक्रिया सुगम बनी रहे। 2003 की जानकारी और दस्तावेजों का मुद्दाबैठक में उन मतदाताओं पर विशेष चर्चा हुई जो 2003 से संबंधित जानकारी उपलब्ध नहीं करा पाए थे। ऐसे मतदाताओं को विभाग द्वारा नोटिस जारी किया जाएगा। नोटिस प्राप्त होने पर मतदाताओं को निर्धारित समय और स्थान पर उपस्थित होकर अपने मूल निवास और जन्म तिथि के मूल दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। सत्यापन के बाद ही उनका नाम सूची में सुरक्षित रखा जाएगा या जोड़ा जाएगा। बैठक में नायब तहसीलदार रतिराम अहिरवार, बीईओ परता अहिरवार, मास्टर ट्रेनर अभय कुमार शर्मा सहित अजय शर्मा, संजीव टंडन और क्षेत्र के समस्त बीएलओ उपस्थित रहे।

---

# स्वच्छता अभियान को लेकर निकाली रैली



**जागरण, गंजबासौदा।**
सरस्वती ज्ञान मंदिर स्कूल द्वारा स्वच्छता अभियान को लेकर एक रैली निकाली गई। यह अभियान स्कूल से प्रारंभ होकर वार्ड नंबर 19, धूसरपुरा और गांधी चौक से राजेंद्र नगर चौराहा और ईदगाह रोड के आसपास के क्षेत्र में संपन्न हुआ। इस अभियान में नगर पालिका के सभी वरिष्ठ सदस्यगण उपस्थित रहे। जिनका मार्गदर्शन एवं सहयोग सराहनीय रहा। कार्यक्रम में स्कूल के छोटे-छोटे बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और स्वच्छता का संदेश दिया। साथ ही स्कूल के समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाएं की सहभागिता रही। इस अभियान का उद्देश्य जन-जन में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना एवं साफ-सुथरे वातावरण के महत्व को समझाना था। स्वच्छता अभियान ने यह संदेश दिया कि स्वच्छ भारत ङ्क स्वस्थ भारत की परिकल्पना को साकार करने में सभी की भागीदारी आवश्यक है।

---

# वीर बाल दिवस पर गुरुद्वारे में श्रद्धांजलि कार्यक्रम संपन्न



**जागरण, सिरोंज।**
विगत दिवस वीर बाल दिवस के पावन अवसर पर रावजी पथ नगर सिरोंज स्थित गुरुद्वारे में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक श्री उमाकान्त शर्मा गुरुद्वारे में पहुँचकर मत्था टेकने के पश्चात अरदास में शामिल हुए। इस अवसर पर भाजपा नगर मंडल सिरोंज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विधायक उमाकान्त शर्मा ने चारों साहिबजादों के अद्वितीय साहस, वीरता एवं बलिदान को स्मरण करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि साहिबजादों का बलिदान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है और हमें उनके आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए।
इस अवसर पर गुरुद्वारे की प्रमुख सेवादार श्रीमती क्षिमा हीरानी जी के आशीर्वचन भी प्राप्त हुए। कार्यक्रम में भाजपा नगर मंडल सिरोंज के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी उपस्थितजनों ने वीर बालकों के त्याग और धर्म, राष्ट्र व मानवता के प्रति उनके समर्पण को नमन किया।
इस अवसर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सीताराम कुशवाह, पारस तारण, बलजीत कुशवाह, मनीष बलेजा, अजीत हिमथानी, संतोष रघुवंशी, टीकाराम शाक्य, सत्यनारायण शर्मा, तोषमणि पंथी सहित नागरिकगण उपस्थित थे।


---

### रामकली गौशाला का एसडीएम ने किया निरीक्षण



**सलामतपुर।** शनिवार को रायसेन एसडीएम मनीष शर्मा ने हलाली डैम स्थित रामकली गौशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौशाला में पशुओं के रख-रखाव, चारा, पानी एवं साफ-सफाई की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम मनीष शर्मा द्वारा गौशाला में कार्यरत श्रमिकों को ठंड से बचाव के लिए कंबल वितरित किए गए। उन्होंने श्रमिकों से संवाद कर उनकी समस्याएं भी सुनीं और हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। निरीक्षण के दौरान पशुपालन विभाग के अधिकारी, सांची नायब तहसीलदार, सलामतपुर चौकी प्रभारी सुनील शर्मा सहित गौशाला संचालक एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सरस्वती शिशु मंदिर में वार्षिकोत्सव आयोजित



**सिलवानी।** ग्राम सियरमऊ स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में वार्षिकोत्सव समारोह हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों का मन मोह लिया। आयोजित समारोह में धर्मेन्द्र गुर्जर, प्रबंधक सरस्वती शिशु मंदिर ग्रामोदय विद्यालय प्रकल्प गोविंद नगर ने मुख्य वक्ता के रूप में सहभागिता की। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर जैसे शिक्षण संस्थान बच्चों को केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि संस्कार, राष्ट्रभक्ति और नैतिक मूल्यों से भी जोड़ते हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा तथा विशिष्ट अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री ठाकुर रामपाल सिंह राजपूत रहे।

---

**गैरतगंज एवं रायसेन में विश्रामगृह एवं महाविद्यालय बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य शुरू**

# अतिथि सुविधा से लेकर छात्र सुरक्षा तक मिली विकास कार्यों की बड़ी सौगात

**जागरण, रायसेन**
रायसेन जिले के गैरतगंज एवं रायसेन मुख्यालय में शनिवार को आयोजित अलग-अलग कार्यक्रमों में सांची विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी ने करोड़ों रुपये की लागत से होने वाले निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। इन कार्यों से प्रशासनिक सुविधाओं, शैक्षणिक संस्थानों की सुरक्षा तथा विद्यार्थियों के लिए बेहतर वातावरण उपलब्ध होगा।
गैरतगंज में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विधायक डा. प्रभुराम चौधरी द्वारा 110.02 लाख रुपये की लागत से बनने वाले दो सूट विश्रामगृह निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विश्रामगृह के निर्माण से क्षेत्र में आने वाले अतिथियों के ठहरने, बैठकों के आयोजन तथा प्रशासनिक कार्यों में सुविधा मिलेगी। यह विश्रामगृह 350 वर्ग मीटर क्षेत्रफ्ल में निर्मित किया जाएगा, जिसमें भू-तल पर व्हीआईपी सूट, ड्राइंग हॉल, डाइनिंग हॉल, किचन, स्टोर रूम एवं डोरमेट्री की सुविधा उपलब्ध होगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश आत्मनिर्भर राज्य बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, सिंचाई सहित हर क्षेत्र में लगातार विकास और निर्माण कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा आधारभूत संरचना को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता सेन, स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी, महाविद्यालय प्राचार्य, स्टाफ एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।



### विद्यार्थियों को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना प्राथमिकता

विधायक डॉ.चौधरी ने कहा कि इन निर्माण कार्यों के पूर्ण होने से महाविद्यालय परिसरों की सुरक्षा, सुविधा एवं शैक्षणिक वातावरण और अधिक सुदृढ़ होगा। विद्यार्थियों को सुरक्षित, सम्मानजनक और अनुकूल वातावरण प्रदान करना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा विद्यार्थियों और युवाओं के लिए अनेक छात्रवृत्ति योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनमें प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को विदेश अध्ययन हेतु छात्रवृत्ति की सुविधा भी शामिल है।

### निर्माण कार्यों का भूमिपूजन

इसी क्रम में रायसेन स्थित शासकीय कन्या महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी ने 71.31 लाख रुपये की लागत से बनने वाली 600 मीटर लंबी बाउंड्रीवॉल एवं गेट निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। वहीं स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय रायसेन में 56 लाख रुपये की लागत से बनने वाली बाउंड्रीवॉल का भी भूमिपूजन किया गया।

---

# नाबालिग पर चाकू से हमला करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**जागरण, रायसेन**
कोतवाली थाना क्षेत्र में नाबालिग पर चाकू से हमला करने के गंभीर मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह मामला दिनांक 24 दिसंबर 2025 का है, जब एक नाबालिग फरियादी ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।
फरियादी के अनुसार, 24 दिसंबर को आरोपी रोहन बैरागी, लक्ष्मण बैरागी एवं एक विधि विरुद्ध बालक ने मोटरसाइकिल से छोड़ने से मना करने की बात को लेकर उसके साथ विवाद किया। विवाद के दौरान आरोपियों द्वारा गाली-गलौज की गई, जिसका विरोध करने पर तीनों ने फरियादी के साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट की। इसी दौरान विधि विरुद्ध बालक ने अपने हाथ में रखे चाकू से फरियादी के पेट पर वार किया। फरियादी ने सूझबूझ दिखाते हुए चाकू को अपने बाएं हाथ से पकड़ लिया, जिससे उसकी मध्य अंगुली एवं अंगूठे के पास गंभीर चोट आई और खून बहने लगा। फरियादी ने बताया कि यदि वह चाकू न पकड़ता तो वार पेट में लगता और उसकी जान भी जा सकती थी। घटना के दौरान बीच-बचाव में आए फरियादी के फूफाजी सोनू विश्वकर्मा को भी चोटें आईं। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर संबंधित धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक रायसेन आशुतोष गुप्ता के निर्देशनए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी श्रीमती नीलम चौधरी के निर्देशन में थाना प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र गोयल के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई।

### मुखबिर की सूचना पर दिया कार्रवाई को अंजाम

अनुसंधान के दौरान घटना स्थल के आसपास जांच, मुखबिर सूचना एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पहले विधि विरुद्ध बालक को पुलिस अभिरक्षा में लेकर आलाजर जप्त किया गया तथा उसे माननीय न्यायालय में प्रस्तुत कर सम्प्रेक्षण गृह भोपाल भेजा गया। इसके बाद 27 दिसंबर 2025 को पुलिस ने आरोपी रोहन बैरागी (18 वर्ष) एवं लक्ष्मण उर्फ लक्ष्मण बैरागी (18 वर्ष 11 माह) को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने अपराध स्वीकार किया, जिन्हें न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई में निरीक्षक नरेन्द्र गोयल सहित पुलिस टीम के सदस्यों की सराहनीय भूमिका रही।

---

# बैण्डबाजों के साथ निकली भगवान श्री राम की बारात

**जागरण, सांची**
नगर में लगातार चल रही रामलीला मे आज भगवान श्री राम की बारात निकाली गई जो पूरे नगर से होते हुए कानाखेडा पहुंची एवं वापस पुनः रामलीला मैदान पहुंची इस बारात में श्रद्धालुओं की खासी भीड़ उमड पडी।
भगवान श्री राम की बारात का जगह जगह पूजा अर्चना करते हुए भव्य स्वागत किया गया तथा बारात पर पुष्प वर्षा हुई। नगर परिषद के सामने नगर परिषद अध्यक्ष पप्पू रेवाराम, उपाध्यक्ष राजेंद्र राजपूत एवं पार्षदो ने भगवान श्री राम की पूजा अर्चना करते हुए स्वागत किया। इसके बाद बारात बसस्टैंड पहुंची कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने वापस स्वागत किया जहाँ जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया



वहीं इस अवसर पर भारी भीड़ उमड पड़ी। यह रामलीला कार्यक्रम रामलीला समीति के तत्वाधान मे आयोजित किया जा रहा है। बारात के साथ युवा अपनी कलाओं का प्रर्दशन करते चल रहे थे। इस अवसर पर नगर पूरी तरह भगवान श्री राम के नारों से गुंजायमान हो गया एवं पूरा नगर राममय हो उठा।

---

### सड़क पर भरा गंदा पानी गांव में जनजीवन प्रभावित

**सलामतपुर।** रायसेन जिले के सांची विकासखंड अंतर्गत अंबाड़ी पंचायत के सत्ती गांव में सड़क पर भरे बह रहे गंदे पानी से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में नाली की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण गंदा पानी सड़क पर फैल रहा है, जिससे आसपास के घरों में भी पानी भर जाता है। लगातार जलभराव के चलते ग्रामीणों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। वहीं स्कूल जाने वाले बच्चों को रोजाना इसी गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है, जिससे उन्हें परेशानी के साथ-साथ स्वास्थ्य संबंधी खतरे भी बने हुए हैं। ग्रामीणों ने रायसेन कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा और पंचायत सहित संबंधित विभाग से शीघ्र समस्या के समाधान की मांग की है, ताकि आवागमन सुचारु हो सके और लोगों को राहत मिल सके।

---

# विहिप और बजरंगदल ने निकाली बाइक रैली

**बांग्लादेश में अमानवीय घटनाओं के विरोध में राष्ट्रीय बजरंग दल द्वारा पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया**



**जागरण, सिलवानी**
शनिवार को अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल की जिला स्तरीय बैठक तहसील प्रांगण के पास स्थित रमणरेती कांठिया मंदिर में आयोजित की गई। बैठक में बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता एवं संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।
सिलवानी में हुई रायसेन जिला स्तरीय बैठक में प्रांत महामंत्री संजीव पटेरिया विभाग अध्यक्ष गोलू मालवीय, विभाग मंत्री संजय खरे एवं अरविंद खरे विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक के दौरान संगठन की नवीन दायित्वों की घोषणा की गई, जिसमें राजेश रघुवंशी को तहसील अध्यक्ष, कमल राजपूत को तहसील सुरक्षा प्रमुख एवं गौरव तिवारी को सिलवानी नगर अध्यक्ष नियुक्त किया गया। साथ ही तहसील बेगमगंज एवं तहसील सिलवानी के अन्य पदाधिकारियों की भी घोषणा की गई। बैठक के उपरांत कांठिया मंदिर धाम से बजरंग चौराहा तक संगठन के पदाधिकारी और युवाओं द्वारा वाहन रैली निकाली गई। इसके पश्चात बजरंग चौराहा पर बांग्लादेश में घटित अमानवीय घटनाओं के विरोध में राष्ट्रीय बजरंग दल की मुख्य कार्यकारिणी द्वारा बांग्लादेश में हुई घटना को लेकर पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष मिहीलाल लोधी जिला महासचिव हर्ष सिंह, सोनू पवन, आदर्श, नर्मदा, आजाद, बीरेंद्र लोधी, नीलेश राजगढ़, जितेंद्र, शीतल, देवू सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में संगठन के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जागरण विदिशा
विदिशा, 28 दिसम्बर 2025
शमशाबाद, कुरवाई, ग्यारसपुर
www.dainikjagranmpcg.com

## बैलगाड़ी दौड़ प्रतियोगिता

**जागरण,हरदा।** विशाल बैलगाड़ी दौड़ प्रतियोगिता जेवल्या कृषि फार्म फोर लाइन रोड हरदा में 28 दिसंबर रविवार को आयोजित की जाएगी।आयोजक विजय जेवल्या ने बताया कि ठेकेदार ग्रुप हरदा द्वारा दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी जिसमें पहला इनाम 51000 दूसरा इनाम 31000 , तीसरा इनाम 21000 दिया जाएगाए चौथा इनाम 11हजार रुपए है।

## कांग्रेस140 वां स्थापना दिवस मनायेगा

**जागरण,हरदा।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहन साईं ने बताया है की 28 दिसंबर रविवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस पार्टी का 140 वा स्थापना दिवस मनाया जाएगा कार्यक्रम सुबह 11 बजे शुरू होगा कांग्रेस पार्टी के जनप्रतिनिधि गण विधायक, जनपद अध्यक्ष जनपद सदस्य जिला पंचायत सदस्य पार्षद गण अनुषांगिक संगठन के पदाधिकारी एवं कांग्रेस कार्यकर्ता संगठन प्रमुख के सभी जिला अध्यक्ष अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की गई है।

# आखिर किसकी शरण में अवैध खनन, क्यों मौन है विभाग व प्रशासनिक अमला

## तहसील कार्यालय के सामने से हर दिन निकलती हैं दर्जनों ट्रालियां, प्रशासन की भूमिका संदेह के घेरे में

जागरण नटेरन

तहसील मुख्यालय से 5 किलोमीटर दूर काशीराम खेजड़ा घाट पर पनडुब्बी द्वारा लोकल रेत निकली जा रही है इन दिनों कानून और प्रशासन की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। तहसील कार्यालय के ठीक सामने से अवैध रेत से भरी दर्जनों ट्रालियां दिन दहाड़े बेरोकटोक निकल रही हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी और प्रशासनिक अमला पूरी तरह मौन साधे हुए है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि यह अवैध रेत उत्खनन कोई छिपा हुआ खेल नहीं, बल्कि तहसील मुख्यालय के सामने खुलेआम चल रहा है। इसके बावजूद न तो खनन विभाग की कोई कार्रवाई दिख रही है, न ही राजस्व, पुलिस या तहसील प्रशासन की सक्रियता नजर आ रही है।



स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि अवैध रेत उत्खनन बिना किसी संरक्षण के संभव नहीं है। जब तहसील कार्यालय के सामने से रोजाना ट्रालियां गुजर रही हैं, तो अधिकारियों को इसकी जानकारी न होना अविश्वसनीय है। इससे प्रशासन की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। वहीं क्षेत्र के रहवासियों का कहना है कि क्या अवैध रेत माफिया को प्रशासनिक संरक्षण प्राप्त हो रहा है या फिर शासन के नियम केवल कागजों तक सीमित रह गए हैं। उन्होंने बताया कि इस अवैध खनन पर्यावरण और राजस्व दोनों को भारी नुकसान हो रहा है।

### रेत से भरी दो ट्रालियां जब्त कर की खानापूर्ति

इधर शनिवार को प्रशासन ने कार्यवाही भी की तो इसमें अवैध उत्खनन को अनदेखा कर सिर्फ रेत से भी दो ट्रालियां ही जप्त की गईं जिसे ग्रामीणजन खानापूर्ति मान रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार यह कार्यवाही नटेरन तहसीलदार द्वारा की गई है। जिसमें अवैध रूप से परिवहन की जा रही रेत से भरी दो ट्रालियों को जप्त किया गया। कार्रवाई के दौरान रेत से भरी दोनों ट्रालियों को जप्त कर नटेरन थाना परिसर में खड़ा कराया गया है। संबंधित वाहन चालकों के विरुद्ध माइनिंग एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इस संबंध में एसडीएम अजय प्रताप सिंह ने बताया कि रेत से भरी ट्रालियां रास्ते में परिवहन के दौरान पकड़ी गईं, जिनके पास किसी भी प्रकार के वैध दस्तावेज मौजूद नहीं थे। अवैध रूप से रेत परिवहन किए जाने के चलते ट्रालियों को जप्त कर नटेरन थाने में रखवाया गया है।

अवैध रेत उत्खनन से क्षेत्र की नदियों और प्राकृतिक संसाधनों का भारी दोहन हो रहा है। इससे जहां पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है, वहीं शासन को लाखों.करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है। इसके अलावा, अवैध खनन से क्षेत्र में दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया है। भारी.भरकम ट्रालियों की आवाजाही से आम नागरिकों की जान जोखिम में पड़ रही है।

### इनका कहना

परमीशन हमारे यहां से नहीं होती यह खनिज विभाग का काम है जानकारी मिली है खनिज विभाग को सूचित कर कार्यवाही कराएंगे।

**आनंद जैन**
**तहसीलदार, नटेरन**

## न्यूज कार्नर

### सेंट मैरी के अदिति व रितिक करेंगे दिल्ली में कर्तव्य पथ पर परेड



**विदिशा।** सेंट मैरी पीजी महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट का चयन कर्तव्य पथ परेड दिल्ली के लिए हुआ यह बड़े हर्ष का विषय है कि लगातार दूसरे वर्ष सेंट मैरी पीजी महाविद्यालय के दो एन सीसी कैडेट सार्जेंट अदिति बड़ोदिया और कार्पोरल रितिक दांगी 26 जनवरी को दिल्ली में गणतंत्र दिवस की परेड मैं भाग लेंगे।यह दोनों कैडेट कर्नल विकास गुप्ता शौर्य चक्र कमांडिंग ऑफिसर 14 एमपी बटालियन विदिशा के निर्देशन में लगातार प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे थे एवं उनकी लगन और मेहनत से यह अवसर मिला है ।एनसीसी अधिकारी कैप्टन डॉ. रामानंद मिश्रा ने बताया कि ये दोनों कैडेट आरडीसी सिलेक्शन के लिए जोश और जुनून के साथ लागातार प्रयास कर रहे थे एवं कई कैंपों में सिलेक्शन होने के बाद इस मुकाम तक पहुंचे हैं।सेंट मैरी पीजी महाविद्यालय के संचालक फादर सिन्टो वर्गिस ने कहा कि अच्छी सफलता के लिए कठिन मेहनत ही सफलता की कुंजी है। फादर डॉ जोवी थॉमस ने कहा कि एनसीसी एक ऐसा मंच है जो कैडेट के रूप में रहकर भी देश की सेना के साथ मिलकर कर्तव्य पथ पर परेड करने का मौका प्रदान करता है।लगातार दूसरी बार दो एनसीसी कैडेट के चयन पर महाविद्यालय के सभी प्रोफेसर डॉ सुनील दुबे, डॉ. गिरिराज सिंह, डॉ. दिनेश शाह, डॉ. गिरीश सुर्जन, डॉ. धीरेंद्र सचान, प्रो. हरीश शर्मा, प्रो. अरविंद द्विवेदी आदि ने बधाई दी।

### छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए

**कुरवाई।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हाल ही में कराटे प्रशिक्षण शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।इस शिविर में प्रशिक्षित छात्राओं को प्रमाण-पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। कराटे प्रशिक्षक मोहम्मद राशिद खान ने बताया कि शिविर के दौरान 116 स्कूली छात्राओं को आत्मरक्षा के महत्वपूर्ण गुर सिखाए गए।इस प्रशिक्षण से छात्राएं न केवल शारीरिक रूप से मजबूत हुईंए बल्कि आत्मविश्वास से भी लबरेज हो गईं।आज के समय में बालिकाओं के लिए आत्मरक्षा का ज्ञान अत्यंत आवश्यक है और यह शिविर इसी दिशा में एक सराहनीय कदम साबित हुआ।कार्यक्रम के समापन अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य राकेश चौबे सहित शिक्षक नरेश दांगी, रागिनी ठाकुर आदि मौजूद रहे।

## कोराना काल के दौरान लागू हुई थी व्यवस्था असमानता के कारण कर्मचारियों में भी बढ़ रहा मनमुटाव

# पांच दिनी कार्यालयीन सेवाकाल अब पड़ रहा भारी, जिले में अटक रह काम, भटक रहे लोग

जागरण विदिशा

वैसे देखा जाए तो शासकीय कार्य में कर्म को पहले से ही प्रधानता दी जाती रही, लेकिन अब काम को कम आराम को अधिक प्राथमिकता मिलती दिखाई दे रही है। इसका बड़ा उदाहरण कोरोना काल के दौरान लागू पांच दिनी सेवा काल है और यह कारोना काल गुजरे अब करीब 3 वर्ष गुजर गए लेकिन कोराना के दौरान शासकीय कार्यालयों में पांच दिनी कार्यालयीन कार्य अब इस जिले में भारी पड़ता दिखाई दे रहा है।सप्ताह में पांच दिन शासकीय कार्यालय खुलने से कामकाज बुरी तरह प्रभावित हो रहे। काम अटक रहे लोग भटक रहे और कर्म की प्रधानता खूंटी पर टंगी हुई दिखाई दे रही है।

मालूम हो कि कारोना काल भयावह था। सोशल डिस्टेंस पर ध्यान दिया जा रहा था तो वहीं ऑफिसों में कर्मचारियों की संख्याओं को कम किया जा रहा था। वर्क फार्म होम जैसी स्थितियां भी थी और इस भयावह बीमारी को नियंत्रित करने के लिए सरकार ने कोरोना काल में शासकीय कार्यालयों में अस्थाई तौर पर महीने के हर शनिवार को भी अवकाश लागू कर दिया था। बताते हैं है इस अवकाश के समय का संयोजन कार्यालय समय में परिवर्तन करके किया था। जिसके तहत सुबह एक घंटे पहले यानी 9.30 बजे एवं शाम को 30 मिनट का कार्यालय समय बढ़ाया गया था, लेकिन कोराना तो पिछले तीन वर्ष से रफूचक्कर है पर कारोना काल में लागू पांच दिवसीय अवकाश की व्यवस्था हर वर्ष बढ़ती रही और यह अभी भी लागू हैं। सब कुछ सामान्य होने के बाद भी शासकीय कार्यालयों में हर शनिवार को अवकाश रहने लगा है।




### शनिवार के दिन अवकाश से मौज में होते अधिकारी, कर्मचारी लेकिन जनता परेशान

सप्ताह में शनिवार व रविवार अवकाश के कारण अब लोगों को अपने शासकीय कामकाज में पहले रविवार का दिन भारी पड़ता था और अब शनिवार का दिन भी भारी पड़ने लगा है। इसके दुष्परिणाम यह कि प्रशासनिक सभी तरह के कार्य प्रभावित बने हुए हैं। अधिकारियों व कर्मचारियों की मौज ऐसी कि अब उन्हें दो दिन लगातार अवकाश के मिल रहे वहीं लोगों की समस्याएं कम होने की बजाय बढ़ती जा रही है। जनसुनवाई हो सीएम हेल्प लाइन में बढ़ती शिकायतें, नगरपालिका से संबंधित करों की वसूली, भवन परमीशन, विभिन्न भुगतानों व जनता की समस्याओं संबंधी कामकाज प्रभावित बने हुए हैं। अन्य शासकीय विभाग में भी कामकाज प्रभावित है पर काम पर जोर दिया जा रहा जबकि कोरोना काल में माह के सभी शनिवार के बढ़ाए गए इस अवकाश को समाप्त करने के लिए शासन स्तर पर निर्णय नहीं लिया जा र हा। जानकारों के मुताबिक यह स्थिति अकेले विदिशा जिले की नहीं बल्कि पांच दिन के सप्ताह से हर जिले में इस तरह की स्थितियां हैं।

### शनिवार अवकाश से 52 दिन की छुट्टियां बढ़ी

जानकारों की मानें तो हर महीने में शनिवार के अवकाशों को जोड़ें तो वर्ष में 52 अवकाश के अतिरिक्त बढ़ गए हैं। कर्म की प्रधानता एवं कर्म पर जोर देने वाले जिम्मेदारों ने वर्ष 2020 में इस पांच दिवस की व्यवस्था लागू की थी, लेकिन जिन हालातों में यह व्यवस्था दी गई अब वैसे हालात नहीं है। इसके बाद भी इसे जारी रखा जा रहा है। दअसल इस अवकाश से अधिकारी वर्ग भी लाभान्वित है इसलिए पूर्व व्यस्था को अनदेखा कर बिना कोरोना काल के भी हर साल यह पांच दिनी कार्य दिवस के आदेश जारी कर इसे लागू बनाए रखा गया हैं जबकि इस आदेशानुसार कार्यालय खुलने एवं बंद करने के लागू समय का पालन करने की तरफ जिम्मेदार अनदेखी करते आ रहे हैं।

### शिक्षा विभाग में लागू नहीं पांच दिनी कार्य दिवस

कोराना काल से पांच दिनी सप्ताह की यह व्यवस्था जिला प्रशासन के सभी विभागों में लागू लेकिन शिक्षा विभाग को इससे अछूता रखा गया।इससे पांच दिनी सप्ताह का लाभ शासन के अन्य कर्मचारी तो ले रहे लेकिन जिले में शासन का ही सबसे बड़ी संख्या वाले विभाग शिक्षा विभाग के शिक्षक व स्कूली बच्चे इस व्यवस्था का लाभ आज तक नहीं ले पाए। उन्हें महीने के हर शनिवार को स्कूल पहुचना ही होता है। इससे शासन की नीति भेदभाव पूर्ण मानी जा रही और शिक्षकों में इस बात की नाराजी हमेशा रही है।

### इनका कहना है

कोरोना काल के समय विषम परिस्थियों के तहत शासन द्वारा पांच दिनी सप्ताह की व्यवस्था कोरोना से बचाव के लिए आवश्यक थी और यह एक महत्पूर्ण कदम था, लेकिन अब वैसी परिस्थितियां नहीं हैं, लेकिन प्रशासनिक कार्य में तेजी आए इसके लिए अब इस व्यवस्था का कोई औचित्य नहीं रहा या फिर भी आवश्यक है तो शिक्षा विभाग में भी यह व्यवस्था लागू कर समानता का भाव रखा जाना चाहिए।

**बलवीरसिंह तोमर,**
**पूर्व प्राचार्य एवं राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षा विद्**

शासकीय कार्य में पांच दिन का सप्ताह जनता के हित में नहीं है। इससे सभी कार्य प्रभावित होते हैं। पांच दिन के सप्ताह व्यवस्था में जो कार्यालयीन समय बढ़ाया गया था। उसका पालन भी न होने से आम जनता की परेशानी बढ़ी है। जबकि शिक्षा विभाग में इस अवकाश का लाभ मिलना तो दूर, शिक्षकों की छुट्टियां पहले से भी कम कर दी गई है।

**राकेश जैन,**
**सचिव, मप्र शिक्षक कांग्रेस,**
**जिला शाखा, विदिशा**

### कांग्रेस की पांचों विस में हुई अध्यक्ष, ब्लॉक एवं उपब्लॉक अध्यक्षों की घोषणा

**जागरण विदिशा।** प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन में विदिशा जिला किसान कांग्रेस की पांचों विधानसभाओं से विधानसभा अध्यक्ष, ब्लॉक एवं उपब्लॉक अध्यक्षों की घोषणा की गई। सभी नव.नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं दी गईं।विश्वास है कि यह ऊर्जावान एवं समर्पित टीमए माननीय राष्ट्रीय नेतृत्व की मंशा के अनुरूप, किसानों के कल्याण, उनके अधिकारों की रक्षा और हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए संगठन को अभूतपूर्व ऊँचाइयों तक ले जाएगी। नई ऊर्जाए पूर्ण पारदर्शिता, अटूट संकल्प और सामूहिक एकता के साथ हम सब मिलकर खेत.खलिहान के मेहनतकश अन्नदाता की आवाज़ को न केवल बुलंद करेंगे, बल्कि उसे सत्ता के गलियारों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाएंगे। उक्त जानकारी किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनीत सिंह दांगी द्वारा दी गई।

### सीएम हेल्पलाइन एवं राजस्व वसूली के कार्य प्रतिदिन सुनिश्चित किए जाएं

**विदिशा।** जिला प्रशासन द्वारा जिले में सीएम हेल्पलाइन की प्राप्त शिकायतों के निराकरण एवं राजस्व वसूली से संबंधित कार्यों को प्रतिदिन गंभीरता एवं समयबद्धता के साथ क्रियान्वित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। खासकर राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज प्रत्येक शिकायत का गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि नागरिकों को त्वरित एवं संतोषजनक समाधान मिल सके। राजस्व वसूली के लक्ष्यों की नियमित समीक्षा की जाए तथा लंबित प्रकरणों का शीघ्र निपटारा कर शासन की राजस्व वृद्धि में प्रभावी योगदान दिया जाए। भूमि राजस्व, नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, कर एवं अन्य मदों में वसूली के कार्यों को प्राथमिकता के साथ प्रतिदिन पूर्ण किया जाए।

# 14 साल से कम उम्र की बच्चियों के लिए जिले में स्थापित हो क्रिकेट अकादमी: क्रिकेटर ब्रजेश

### दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल ने मनाया अपना वार्षिक उत्सव

**जागरण विदिशा।** दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में समाहित वार्षिक उत्सव कार्यक्रम स्कूल प्रांगण में क्रिकेटर ब्रजेश श्रीवास्तव के मुख्य आतिथ्य में एवं शिव नारायण शर्मा सदस्य ओलंपिक संघ विशेष आतिथ्य में संपन्न हुआ।

हमेशा की तरह इस वर्ष भी कुछ नया करने की चाह में स्पोर्ट्स थीम पर दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल ने शिक्षकों के मार्गदर्शन में स्कूल के छात्रों ने खेल जगत की जानी मानी हस्तियों जैसे मैरी कोम, विराट कोहली, रोहित शर्मा एवं मिल्खा सिंह को नृत्य के माध्यम से सम्मान दिया। कार्यक्रम के इस अवसर पर स्कूल के प्रिंसिपल संजय पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में स्कूल में हो रही समस्त प्रकार की गतिविधियों, किस तरीके से बच्चों को पढ़ाया जाता है एवं कैसे बच्चों के काबिलियत को ध्यान में रखते हुए उनको आगे मार्गदर्शन दिया जाता है। स्कूल के डायरेक्टर हर्षित राज चौधरी ने कहानी के माध्यम से बच्चों के पेरेंट्स को बताया की कैसे उनके दैनिक जीवन चर्या उनके बच्चों के व्यक्तित्व को आकर देता है। स्कूल के चेयरमैन डॉ राजीव चौधरी ने बताया कि



खेल और शिक्षा का आपस में कितना गहरा संबंध है और हमें किस प्रकार अपने स्वास्थ का ध्यान रखना आवश्यक है।

इस दौरान मुख्य अतिथि ब्रजेश श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में उन्होंने सभी छात्रों एवं शिक्षकों की सरहना करते हुए कहा कि आज वर्ल्ड कप के पल याद कर के वह भी काफी भावुक हो गए एवं उन्होंने विदिशा जिले में 14 साल से कम उम्र की बच्चियों के लिए एक क्रिकेट अकादमी की स्थापना पर भी जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन नीरज पटेरिया, प्रिंसी मुद्गल, मयंक रघुवंशी, तनिषा रघुवंशी, सोम रघुवंशी, धर्मेन्द्र साहू, एवं अमृता विश्वकर्मा ने किया।

# केन्द्र सरकार के अधिकारी कर रहे योजनाओं की समीक्षा

## 30 दिसम्बर तक अधिकारी जिले में अध्ययन भ्रमण पर रहेंगे

जागरण ग्यारसपुर

भारत सरकार सचिवालय प्रशिक्षण तथा प्रबंधन संस्था द्वारा संचालित स्टेट अटैच्ड ऑफिसर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत केन्द्र सरकार के पदोन्नत अवर सचिव स्तर के छह अधिकारीयों द्वारा जिला में भ्रमण किया जा रहा। इस दौरान मनीष कुमार, शिवकुमारए, दिनेन्द्र कुमार, वेदप्रकाश, सुशील कुमार, रामदासद्ध विदिशा जिले में 26 से 30 दिसम्बर 2025 तक अध्ययन भ्रमण पर रहेंगे। इस दौरान अधिकारी जिले में क्रियान्वित विभिन्न केंद्र एवं राज्य योजनाओं के मैदानी अध्ययन एवं समीक्षा करेंगे।

इस परिपेक्ष्य में शनिवार को ग्राम पंचायत मानोरा के पंचायत भवन में विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों एवं योजना अधिकारियों से चर्चा एवं भ्रमण किया गया। आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी, भोपाल से प्राप्त निर्देशों के अनुसार अधिकारीगण ग्रामीण विकास, किसान कल्याण, स्वास्थ्य, शिक्षा पेयजल, प्रधानमंत्री आवास योजना, पोषण, सामाजिक न्याय एवं अन्य प्रमुख योजनाओं के कार्यान्वयन की समीक्षा की गई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जमीनी स्तर पर योजनाओं की वास्तविक स्थिति, नवाचार एवं चुनौतियों को समझना है ताकि नीति.निर्माण एवं प्रशासनिक सुधारों में सहयोग मिल सके।



प्रशिक्षणार्थियों के भ्रमण के दौरान समन्वय हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के मार्गदर्शन में जिला स्तर राधेश्याम खंगार, जिला समन्वयक संजय सिंह परियोजना अधिकारी एवं जनपद ग्यारसपुर से सहायक यंत्री संजय खरे, बीपीओ महेश कुशवाहा, बीएमओए सुपरवाइजर गणेशाराम विश्वकर्मा, उपयंत्री शानू जैन एवं सचिव मनोज भावसार एवं ग्राम रोजगार सहायक शैलेंद्र रघुवंशी आशा सहयोगी एवं आशा कार्यकर्ता एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

### अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की हुई वार्षिक बैठक

**जागरण विदिशा।** गत दिवस एक गार्डन में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा एवं सर्वदेशिक कायस्थ युवा प्रतिनिधि संस्था की कोर कमेटी की वार्षिक बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महामंत्री अभिनय वर्मा थे एवं अध्यक्षता मध्य प्रदेश महासचिव निखिल श्रीवास्तव ने की कार्यक्रम का संचालन जिला अध्यक्ष अनुपम जौहरी ने किया। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी महिला दिवस के अवसर पर एक भव्य सांस्कृतिक सम्मेलन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। जिसका शीर्षक मनस्विनी होगा। कार्यक्रम का आयोजन महिला मंडल द्वारा 15 मार्च 2026 को किया जाएगा जिसमें राष्ट्रीय नेतृत्व की उपस्थिति होगी। कार्यक्रम में दोनों ही संस्थाओं के महिला मंडल की मुख्य भूमिका होगी। सभी सांस्कृतिक कार्यक्रम महिला आधारित व कायस्थ समाज की आस्था एवं इतिहास पर आधारित होंगे। सारी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां धर्म एवं महिलाओं पर केंद्रित होंगी। कार्यक्रम का आयोजन एवं संचालन महिला मंडल द्वारा किया जाएगा।

## योजना अंतर्गत नवजात बालिकाओं को स्वागत लक्ष्मी बेबी किट की वितरित

# भ्रूण हत्या की रोकथाम के लिए किया जागरूक



जागरण विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन में जिला चिकित्सालय के प्रस्तुति विभाग में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत नवजात बालिकाओं को स्वागत लक्ष्मी बेबी किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य संस्थागत प्रसव को प्रोत्साहित करना, कन्या शिशु के जन्म को बढ़ावा देना तथा कन्या भ्रूण हत्या की रोकथाम हेतु समाज में सकारात्मक जागरूकता उत्पन्न करना रहा।

यह पहल बालिका संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिपं अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी, नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा एवं सरोज मुकेश टंडन उपस्थित रहीं। सभी अतिथियों द्वारा नवप्रसूता माताओं को स्वागत लक्ष्मी बेबी किट का वितरण अपने हाथों से किया गया तथा कन्या के जन्म पर शुभकामनाएं प्रदान की गईं। अतिथियों ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बेटी समाज की अमूल्य धरोहर है और उसके संरक्षणए शिक्षा एवं सशक्तिकरण के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना एक सामाजिक जनआंदोलन है, जिसमें शासन के साथ-साथ समाज की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। बेबी किट वितरण से नवजात शिशु एवं माताओं को प्रारंभिक आवश्यक सामग्री उपलब्ध होती है, साथ ही यह संदेश भी जाता है कि सरकार बेटी के जन्म को सम्मान और समर्थन देती है। कार्यक्रम का आयोजन एवं समन्वय महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता लोड़ा के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर सहायक संचालक विवेक शर्मा, संरक्षण अधिकारी संतोष रघुवंशी, जिला चिकित्सालय का चिकित्सकीय एवं नर्सिंग स्टाफ सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कृषि मंत्री चौहान के आगमन को लेकर भाजपा कार्यालय में बैठक

जागरण विदिशा




शनिवार दोपहर भाजपा जिला कार्यालय में आवश्यक बैठक आयोजित की गई। जिसमें रविवार को केंद्रीय कृषि मंत्री एवं स्थानीय सांसद शिवराज सिंह चौहान खेल महोत्सव के विदिशा विधानसभा क्षेत्र के क्रिकेट एवं कबड्डी की टीमों का फाइनल मैच और उसके पश्चात विजेता टीम को दोपहर 12 बजे पुरस्कार कार्यक्रम में जैन कॉलेज ग्राउंड में पधार रहे हैं और फिर 3 बजे विदिशा में ट्रेनों के नवीन स्टॉपेज पर रेल्वे स्टेशन पर आभार कार्यक्रम में शामिल होंगे।

उक्त कार्यक्रम के रूपरेखा के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया। बैठक में विधायक मुकेश टंडन ने कार्यकर्ताओं को अपनी-अपनी जिम्मेदारी निभाने को कहा और सभी से अपील की कि सभी कार्यकर्ता और नागरिकबंधु, व्यापारी और हमारी मातृशक्ति दोनों कार्यक्रम में शामिल होकर अपनी सहभागिता निभाए।

बैठक राकेश सिंह जादौन, पूर्व सहकारिता बैंक अध्यक्ष श्याम सुंदर शर्मा, तोरण सिंह दांगी, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा, मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र चौहान, दिनेश कुशवाहा, प्रशांत खत्री, प्रतीक कांग, रामेश्वर किरार, अंकित दुबे, अरविंद श्रीवास्तव, संतोष शर्मा, अनिल सोनकर, महिला मोर्चा अध्यक्ष अरुणा मांझी सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### महाराजा खेत सिंह खंगार की जयंती मनाई

**जागरण विदिशा।** खंगार क्षत्रिय समाज ने शनिवार को वीर प्रतापी महायोद्धा महाराजा खेत सिंह खंगार की जयंती पर महाराजा खेत सिंह चौराहा पर धूमधाम से मनाई गई। मीडिया प्रभारी राजेंद्र कुमार राय ने बताया कि क्षत्रिय सम्राट गढ़कुंडार नरेश, जूझौतीखंड के संस्थापक कुलगौरव महाराजा खेत सिंह खंगार का जन्म 27 दिसंबर 1140 ई मैं जूनागढ़ में हुआ था सन 1182 ई से 1347 ई. तक खंगार राजवंश जिजौखंड राज्य के अधिपति बने महाराजा खेत सिंह ने गढ़कुड़ार को अपनी राजधानी बनाकर एक स्वतंत्र हिंदू राष्ट्र की स्थापना की थी खेत सिंह मात्र 16 वर्ष की आयु में शेर से लड़ गए थे। ईस विरता को देखकर महाराजा पृथ्वीराज चौहान ने खेत सिंह से दोस्ती कर ली थी और उन्हें दिल्ली ले गए थे पृथ्वीराज चौहान के साथ खेत सिंह ने कई युद्ध जीते थे । महाराजा खेत सिंह की जयंती मध्य प्रदेश शासन द्वारा हर साल 27 दिसंबर से 29 दिसंबर तक गढ़कुड़ार महोत्सव मनाया जाता है। जयंती का संचालन रघुवीर सिंह परिहार पटवारी ने किया।